# KANNAUJ POLICE

**प्रेस नोट जनपद कन्नौज** **दिनांक 03.05.2025**

## थाना ठठिया पुलिस द्वारा परिजनों द्वारा अपनी पुत्री को गला घोटकर, जलाकर की गयी हत्या (ऑनर किलिंग) की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ0 प्रियंका वाजपेयी के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना ठठिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 55/2025 धारा 191(2)/103(1)/238 BNS की विवेचनात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत अभियुक्तगण 1.महेन्द्र पुत्र विजयी जाटव 2.अर्पित पुत्र स्व0 रामकिशन निवासीगण ग्राम औसेर थाना ठठिया जनपद कन्नौज 3.अरविन्द पुत्र सुदामा जाटव निवासी ग्राम करसाह थाना ठठिया जनपद कन्नौज को साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 06.02.2025 को वादी मुकदमा महेन्द्र पुत्र विजयी जाटव द्वारा अपनी पुत्री कु0 अंजली उम्र करीब 17 वर्ष के अपहरण के संबंध में बनाम अज्ञात के विरुद्ध थाना ठठिया पर मु0अ0सं0 55/2025 धारा 137(2) BNS पंजीकृत कराया गया जिसकी विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान साक्ष्य के आधार पर महेन्द्र जाटव, अर्पित कुमार, संदीप पुत्र महेन्द्र निवासीगण औसेर थाना ठठिया जिला कन्नौज, अरविन्द कुमार पुत्र सुदामा जाटव व मोनू पुत्र रामरतन निवासीगण करसाह थाना ठठिया जिला कन्नौज का नाम प्रकाश में आया। जिनको साक्ष्य के आधार पर दिनांक 02.05.2025 को 03 अभियुक्तगण 1. महेन्द्र 2. अर्पित 3. अरविन्द को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशादेही पर अपहृता / मृतिका कु0 अंजली के जले हुए शव को ग्राम करसाह के जंगल से बरामद किया गया। मुकदमा उपरोक्त मे धारा 191(2)/103(1)/238 BNS की बढ़ोत्तरी की गयी तथा 137(2) का लोप किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1.महेन्द्र पुत्र विजयी जाटव निवासी औसेर थाना ठठिया जनपद कन्नौज उम्र 48 वर्ष

2.अर्पित पुत्र स्व0 रामकिशन निवासीगण ग्राम औसेर थाना ठठिया जनपद कन्नौज उम्र 21 वर्ष

3.अरविन्द पुत्र सुदामा जाटव निवासी ग्राम करसाह थाना ठठिया जनपद कन्नौज उम्र 32 वर्ष

- **वांछित अभियुक्त का विवरण:::::::**

1. संदीप पुत्र महेन्द्र निवासीगण औसेर थाना ठठिया जिला कन्नौज
2. मोनू पुत्र रामरतन निवासीगण करसाह थाना ठठिया जिला कन्नौज

**पूंछताछ का विवरण:::::::::::::** अभियुक्त महेन्द्र पुत्र विजयी जाटव उम्र 48 वर्ष निवासी औसेर थाना ठठिया जिला कन्नौज ने पूंछने पर बताया कि साहब मेरी पुत्री कु0 अंजली का मेरे ही गाँव के पडोस मे रहने वाला एक लड़के से 2-3 माह से प्रेम-प्रसंग चल रहा था उस लड़के का मेरे घर पर आना जाना था मैने अपनी पुत्री को काफी समझाया बुझाया लेकिन मेरी पुत्री चोरी छिपे मिलती रहती थी दिनांक 4.2.2025 को मेरी पुत्री अंजली खेरे पर उस लड़के से बैठे बातचीत कर रही थी बातचीत करने के दौरान मेरा पुत्र संदीप भी वहा अचानक पहुँच गया और पुत्री को घर लाकर समझाया लेकिन वह उस लड़के से शादी करने की जिद कर रही थी मैने कहा कि वह लडका सही नहीं है जिससे तुम प्यार करती हो मेरी समाज मे बदनामी होगी आगे कोई हमसे रिस्ता नही करेगा लेकिन अंजली मानने को तैयार नही थी। तब दिनांक 5.2.2025 को समय करीब चार पांच बजे शाम मैने अपने घर के अंदर अंजली का मुंह दबाया और अरविन्द कुमार ने हाथ पकडे और अर्पित कुमार पुत्र स्व0 रामकिशन ने पैर पकडे व मेरे पुत्र संदीप ने उसके गले मे अंगौछा डालकर उसका गला कस दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी और उसे पंखे पर लटका दिया जिससे लोग समझे कि अंजली ने फांसी लगा ली है फिर अंजली की लाश को पंखे से उतारकर हम लोगों के सहयोग से अरविन्द कुमार पुत्र सुदामा निवासी करसाह ,मोनू पुत्र रामतरन निवासी करसाह ने मोटरसाईकिल पर मेरी पुत्री अंजली को लादकर करसाह के जंगल मे ले गये पीछे से मै व मेरा पुत्र संदीप व अर्पित कुमार पुत्र स्व0 रामकिशन भी करसाह के जंगल में पहुंच गये फिर हम सबने मिलकर जंगल से लकड़ी एकत्रित करके अंजली की लाश को जला दिया तथा साथ में अंगोछा को भी जला दिया जिससे सबूत मिट जाये। और थाना ठठिया जाकर पुत्री अंजली के अपहरण के संबंध में झूठी एफआईआर मु0अ0सं0 55/25 धारा 137(2) बीएनएस में लिखवा दिया था।

**बरामदगी का विवरणः-** अभियुक्तगण की निशांदेही पर मृतिका की हड्डियों के जले टुकड़े व दांत व बालों में लगाने की चिमटी व कुछ अध जली लकड़ी बरामद हुयी जिसे साक्ष्य संकलन हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

- **गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. प्र0नि0 जय प्रकाश शर्मा , थाना ठठिया जनपद कन्नौज।

2.उ0नि0 श्यामपाल सिह, थाना ठठिया जनपद कन्नौज।

3.का0 हरीश, थाना ठठिया जनपद कन्नौज।

4.का0 मुकेश कुमार, थाना ठठिया जिला कन्नौज

5.का0 मुकेश कुमार, थाना ठठिया जिला कन्नौज


कन्नौज पुलिस